भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2388

दिनांक 13 फरवरी, 2026 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

सिजेरियन प्रसव की दर

2388. श्री राजकुमार रोतः

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान राजस्थान में सरकारी और निजी अस्पतालों में किए गए प्रसवों की वर्ष-वार, अस्पताल-वार और जिला-वार संख्या कितनी है और उनमें से कितनी महिलाएं खून की कमी से पीड़ित रही हैं;
(ख) विगत पांच वर्षों के दौरान राजस्थान के सभी अस्पतालों में किए गए सिजेरियन और सामान्य प्रसवों की वर्ष-वार और अस्पताल-वार संख्या कितनी है;
(ग) क्या कुछ अस्पतालों में सिजेरियन प्रसव की दर अधिक है और वहां सिजेरियन प्रसव को प्राथमिकता दी जा रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्रीमती अनुप्रिया पटेल)

(क) और (ख) राजस्थान के सरकारी और निजी अस्पतालों में वर्षवार, अस्पतालवार और जिलावार वर्ष 2020-21 से 2024-25 तक संपन्न प्रसवों की संख्या https://hmis.mohfw.gov.in/downloadfile?fileid=64 लिंक पर उपलब्ध है। (स्रोत- स्वास्थ्य प्रबंधन सूचना प्रणाली)

(ग) और (घ) राजस्थान से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार, पिछले पांच वर्षों के दौरान राज्य में औसत सी-सेक्शन दर 17.5% है और निजी स्वास्थ्य सुविधा केंद्रों में यह 29.6% है। संस्थागत प्रसव के दौरान आने वाली जटिलताओं के आधार पर उपचार करने वाले चिकित्सकों के चिकित्सकीय निर्णय पर निर्भर करता है, जो भिन्न-भिन्न मामलों में अलग होता है।

******